बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-288
11/07/2022

मुख्यमंत्री ने बिहार विधानसभा भवन शताब्दी वर्ष समापन समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

पटना, 11 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधानसभा भवन शताब्दी वर्ष समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। 12 जुलाई को आयोजित होने वाली समापन समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल। स्थल निरीक्षण के क्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री को बिहार विधानसभा भवन शताब्दी वर्ष समापन समारोह को लेकर की गयी तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बिहार विधानसभा प्रांगण में निर्मित शताब्दी स्मृति स्तंभ, उद्यान के साथ–साथ सभा स्थल का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री महेश्वर हजारी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री श्री जीवेश कुमार, विधायक श्री ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जिलाधिकारी पटना डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******